**प्रेस नोट**
**दिनांक 06.09.2025**

## उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक आर्हता परीक्षा (पी0ई0टी0) 2025 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश–

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक आर्हता परीक्षा (पी0ई0टी0) 2025 का आयोजन दिनांक 06.09.2025 शनिवार व 07.09.2025 रविवार को 04 पालियों प्रत्येक दिवस दो पालियों (प्रथम पाली 10:00 से 12:00 पूर्वाहन, द्वितीय पाली अपराहन 3:00 बजे से 5:00 बजे तक) जनपद गोण्डा में भी किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद एवं सजग है। इसी क्रम में आज दिनांक 06.09.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापन, सुरक्षा प्रबंध, प्रवेश/निकास व्यवस्था, महिला अभ्यर्थियों की तलाशी हेतु महिला पुलिस बल की व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, मजिस्ट्रेट/पुलिस अधिकारियों की तैनाती एवं बल वितरण की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा बताया गया कि सभी परीक्षा केन्द्रों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में राजपत्रित अधिकारी, निरीक्षक/उप निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल, महिला कांस्टेबल तैनात किए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। महोदय द्वारा कानून–व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र में पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों पर लगातार भ्रमणशील रहें और किसी भी परिस्थिति में कानून–व्यवस्था प्रभावित न हो। महोदय द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर लगे कैमरों की रियल टाइम निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा के प्रत्येक कमरे में वीडियो रिकॉर्डिंग अनिवार्य है। इससे परीक्षा की प्रक्रिया पारदर्शी बने रहने में सहायता मिलेगी। परीक्षा की सुचिता बनाए रखने के लिए गोपनीय और ओपनली दोनो प्रकार की टीमे अपना काम कर रही है। महोदय द्वारा यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि परीक्षा केन्द्रों के आसपास नो पार्किंग जोन, वाहन रोकथाम, अभ्यर्थियों के लिए एकल दिशा मार्ग व्यवस्था, एवं प्रशासकीय वाहनों हेतु अलग पार्किंग व्यवस्था लागू कराये। **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक आर्हता परीक्षा (पी0ई0टी0) 2025 जनपद गोण्डा के 18 परीक्षा केन्द्रों में होनी है जिसमें 29,184 छात्र प्रतिभाग करेंगें।**

**महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान बताया गया कि परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले सभी अभ्यर्थियों के लिए निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी व्यक्ति परीक्षा की शुचिता को भंग न कर सके। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनुचित साधन के प्रयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संलिप्त पाए जाने पर कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी।**

**मीडिया सेल ,गोण्डा।**